एनएसए पर हाईकोर्ट की बड़ी व्यवस्था

एक बार मंजूरी के बाद हिरासत बढ़ाने हर 3 महीने में एडवाइजरी बोर्ड जाना जरूरी नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत निवारक हिरासत (प्रिवेंटिव डिटेंशन) को लेकर एक बेहद अहम और दूरगामी कानूनी व्यवस्था दी है। कोर्ट ने साफ किया है कि यदि एडवाइजरी बोर्ड शुरुआती हिरासत को उचित ठहरा चुका है और राज्य सरकार ने उसे कन्फर्म कर दिया है, तो हिरासत की अवधि को आगे बढ़ाने के लिए हर तीन महीने में मामले को दोबारा बोर्ड के समक्ष भेजना कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं है। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ जबलपुर निवासी कृष्णा उर्फ बाबू हसवानी की याचिका को सिरे से खारिज कर दिया।



नया अपराध न करना, रिहाई का आधार नहीं

मामला जबलपुर जिला प्रशासन द्वारा 5 अप्रैल 2026 को आरोपी के खिलाफ की गई एनएसए की कार्रवाई से जुड़ा है। शुरुआती तीन महीने की अवधि बीतने से पहले राज्य सरकार ने 24 जून 2026 को आदेश जारी कर हिरासत 6 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी थी। इसे चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि हिरासत के दौरान उसने कोई नया अपराध नहीं किया, इसलिए डिटेंशन बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बनता। हाईकोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि निवारक हिरासत किसी जुर्म की सजा नहीं, बल्कि भावी आपराधिक गतिविधियों को रोकने का एहतियाती कदम है। लिहाजा, जेल के भीतर कोई नया अपराध न करना अपने आप में रिहाई या अवधि विस्तार रोकने की वजह नहीं हो सकता।

अदालत का सीमित दखल

डिवीजन बेंच ने रेखांकित किया कि प्रिवेंटिव डिटेंशन के मामलों में अदालत अपीलीय अथॉरिटी की तरह कार्य नहीं करती। यदि सक्षम प्राधिकारी के पास हिरासत बरकरार रखने के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है, तोहै अदालत उसमें हस्तक्षेप नहीं करेगी। इसी आधार पर याचिका खारिज कर दी गई।

हाईकोर्ट ने मध्यस्थता की अर्जी खारिज की

जबलपुर के जन आहार विवाद में आइआरटीसी को राहत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर रेलवे स्टेशन के जन आहार केंद्र को लेकर चल रहे विवाद में आईआरसीटीसी को राहत दी है। कोर्ट ने मैसर्स कंचन रेस्टोरेंट एंड कैटरर्स की ओर से मध्यस्थ नियुक्त करने के लिए दायर धारा 11 की अर्जी निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि अनुबंध में मध्यस्थता का स्थान नई दिल्ली निर्धारित है और इसके विपरीत कोई स्पष्ट संकेत नहीं है, इसलिए नई दिल्ली ही मध्यस्थता की कानूनी सीट मानी जाएगी। लिहाजा मप्र हाईकोर्ट को मध्यस्थ नियुक्त करने का क्षेत्राधिकार नहीं है। आईआरसीटीसी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जन आहार केंद्र के निरीक्षण में लगातार कमियां सामने आईं और कई बार जुर्माना लगाया गया। अप्रैल 2025 में गंभीर कमियों के कारण केंद्र को पांच दिन बंद भी रखा गया था। नवंबर 2025 के निरीक्षण में स्वीकृत 40 कर्मचारियों के मुकाबले केवल 12 कर्मचारी मिले। क्यूआर आधारित पहचान-पत्र, वर्दी, पीओएस मशीन व फायर सेफ्टी और प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध नहीं थे। नान-वेज सेक्शन के पास गंदगी, दूषित पानी जमा होने और एग्जॉस्ट पर फ्लाई-मेश नहीं होने जैसी कमियां भी दर्ज की गई थीं।

अनुबंध में नई दिल्ली तय थी मध्यस्थता की सीट, कोर्ट ने कहा- क्षेत्राधिकार दिल्ली का

अक्टूबर 2025 में जन आहार के कर्मचारी और एक यात्री के बीच विवाद के बाद मामला और गंभीर हो गया। आईआरसीटीसी के अनुसार भुगतान को लेकर विवाद में कर्मचारी ने यात्री का कालर पकड़ा और उसकी घड़ी निकाल ली। घटना के बाद पांच दिसंबर, 2025 को जन आहार का लाइसेंस समाप्त कर दिया गया। कंचन रेस्टोरेंट ने इसके खिलाफ मध्यस्थता शुरू करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन दिया था। उसका तर्क था कि केंद्र जबलपुर में था, काम भी यहीं हुआ और विवाद भी जबलपुर में उत्पन्न हुआ, इसलिए हाईकोर्ट को सुनवाई का अधिकार है। इसके विपरीत आईआरसीटीसी ने अनुबंध में नई दिल्ली को मध्यस्थता का स्थान निर्धारित किए जाने का हवाला दिया। हाई कोर्ट ने क्षेत्राधिकार संबंधी आपत्ति स्वीकार करते हुए अर्जी निरस्त कर दी और आवेदक को सक्षम न्यायालय के समक्ष जाने की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने विवाद के अन्य गुण-दोष पर कोई निष्कर्ष नहीं दिया।



22 नवंबर को होगी सूर्य हाफ मैराथन चार श्रेणियों में दौड़ेंगे प्रतिभागी

जबलपुर। सूर्य कमांड के अंतर्गत मध्य भारत क्षेत्र मुख्यालय द्वारा सूर्य हाफ मैराथन (SHM) 2026 के चौथे संस्करण की घोषणा की गई है। मैराथन का आयोजन 22 नवंबर 2026 को जबलपुर में किया जाएगा। इसका शुभारंभ समारोह 5 अक्टूबर को आयोजित हुआ। इस वर्ष आयोजन की थीम "शहीदों का सम्मान, पूर्व सैनिकों को सलाम" रखी गई है। प्रतियोगिता में नागरिकों के लिए 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी तथा सभी आयु वर्ग के लिए 3 किमी 'रन फॉर फन' श्रेणियां रखी गई हैं। आयोजन का उद्देश्य फिटनेस, स्वास्थ्य एवं वेलनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ भारतीय सेना और नागरिकों के बीच मजबूत संबंध को प्रोत्साहित करना है। लॉन्च कार्यक्रम में मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एच.एस. वंद्रा (AVSM, SM), जबलपुर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू एवं कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने नागरिकों से बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

फर्जी एआई वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तीन मोबाइल धारकों पर मामला दर्ज

जबलपुर। मदनमहल थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर कथित रूप से फर्जी एवं भ्रामक एआई वीडियो प्रसारित करने के मामले में तीन मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर को राइट टाउन निवासी श्रेयांश बिल्थरे (31) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम पर 'डिजिटल भिखारी' नामक यूजर आईडी एवं संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से समाजसेवी हर्ष तिवारी के नाम और पहचान का कथित रूप से दुरुपयोग करते हुए एआई तकनीक से तैयार भ्रामक एवं फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इन वीडियो के माध्यम से आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने तथा हर्ष तिवारी की सामाजिक छवि प्रभावित करने का प्रयास किया गया। शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने संबंधित सोशल मीडिया आईडी की जानकारी जुटाई। इसके आधार पर तीन मोबाइल नंबर धारकों के विरुद्ध धारा 319(2), 336(4), 340(2), 353(2), 356(1) बीएनएस तथा 66सी, 66डी आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

रेलवे स्टेशन पर साइकिल स्टैंड की कथित अवैध वसूली रोकने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। रेलवे मुख्य स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 के बाहर स्थित डाकघर आने वाले नागरिकों से साइकिल-स्कूटर स्टैंड के नाम पर कथित अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने रेल मंत्री के नाम रेलवे पुलिस के आईजी को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन रादुविवि छात्र परिषद के संयोजक अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि डाकघर के सामने अधिकृत स्टैंड नहीं होने के बावजूद वाहन स्टैंड संचालित कर डाक अथवा पार्सल बुक कराने आने वाले नागरिकों से शुल्क लिया जा रहा है। शुल्क नहीं देने पर कथित रूप से विवाद एवं मारपीट की स्थिति भी बनती है। अधिवक्ताओं ने मामले की जांच कर अवैध वसूली रोकने की मांग की। इसके साथ ही आरएमएस में डाक भेजने का शुल्क नकद के बजाय केवल ऑनलाइन भुगतान से लिए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। ज्ञापन में नागरिकों की सुविधा के लिए नकद भुगतान की व्यवस्था पुनः शुरू करने की मांग की गई। इस अवसर पर दीपक सिंह राजपूत, मनीष चौकसे, गया प्रसाद धुर्वे, सुरेंद्र पटेल, सौरभ पटेल, नोखेलाल बरकड़े, आकाश सोनकर, रामकुमार मरावी, अशोक प्रजापति, अखिलेश सिंह, निर्तिन कटन, आयुष सोनकर, एस.के. मिश्रा, नरेश मंध्यानी, दिनेश भोजवानी एवं अभिषेक सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

पीएनजी नहीं पहुंची, एलपीजी बंद करने पर हाईकोर्ट सख्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जिन क्षेत्रों में पीएनजी उपलब्ध नहीं है, वहां एलपीजी सप्लाई बंद किए जाने के आरोप पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान पूछा कि यदि एलपीजी भी बंद कर दी जाए और पीएनजी उपलब्ध न हो तो लोगों के चूल्हे कैसे जलेंगे। सरकार की ओर से बताया गया कि एलपीजी बंद करने की कार्रवाई उन्हीं क्षेत्रों में की जा रही है, जहां पीएनजी उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। इस पर कोर्ट ने ऐसा क्षेत्र बताने को कहा, जहां पीएनजी उपलब्ध कराए बिना एलपीजी सप्लाई रोकी गई हो। याचिकाकर्ता अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस की ओर से भोपाल के अयोध्या बायपास क्षेत्र का उदाहरण देते हुए दावा किया कि कई कालोनियों में अभी पीएनजी कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं, इसके बावजूद एलपीजी सप्लाई बंद की जा रही है। कोर्ट ने सरकार से इसकी वास्तविक स्थिति बताने को कहा है। सरकार बुधवार, सात अक्टूबर को रिपोर्ट पेश करेगी। याचिका में केंद्र के 24 मार्च 2026 के आदेश को भी चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि इससे उपभोक्ताओं पर पीएनजी लेने का दबाव बन सकता है और निजी कंपनियों को लाभ हो सकता है।

भोपाल के अयोध्या बायपास की स्थिति पर सरकार से मांगी रिपोर्ट

हाईकोर्ट ने डीजीपी से मांगा जवाब

रिटायर्ड हेड कांस्टेबल की 7,805 रुपये पेंशन साथी कर्मचारी को 23,350 रुपये क्यों

जबलपुर। एक ही पद पर कार्यरत और एक ही दिन सेवानिवृत्त हुए दो हेड कांस्टेबलों की पेंशन में करीब तीन गुना अंतर के मामले को मप्र हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने पुलिस मुख्यालय भोपाल के डीजीपी और सागर के पेंशन अधिकारी से व्यक्तिगत हलफनामे पर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों को 30 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं होने पर चार नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई में दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा।



सागर निवासी सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल गोपाल कृष्ण गुप्ता की ओर से दायर याचिका के अनुसार गुप्ता 30 जून 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे। इसी दिन उनके साथ कार्यरत हेड कांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा भी सेवानिवृत्त हुए। याचिकाकर्ता के अनुसार उनकी मासिक पेंशन 7,805 रुपये निर्धारित की गई, जबकि समान पद पर कार्यरत और उसी दिन सेवानिवृत्त हुए राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा को 23,350 रुपये मासिक पेंशन मिल रही है। इस तरह दोनों की पेंशन में 15,545 रुपये प्रतिमाह का अंतर है।

याचिका कर्ता ने इस अंतर को प्रथमदृष्टया भेदभावपूर्ण बताते हुए अक्टूबर 2019 में संबंधित अधिकारियों के समक्ष अभ्यावेदन दिया था। उनका आरोप है कि अभ्यावेदन के बावजूद पेंशन विसंगति का निराकरण नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले में पेंशन के निर्धारण का आधार स्पष्ट करने के लिए कोर्ट ने डीजीपी और सागर के पेंशन अधिकारी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है।

हंसिया से मारपीट करने वाले दंपत्ति को छह-छह माह की सजा

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रजोला में गालीगलौज और मारपीट के दौरान हंसिया से हमला करने वाले आरोपी दंपत्ति को अदालत ने दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने आरोपी दशरथ प्रसाद मेहरा और उसकी पत्नी गंगोत्री बाई को छह-छह माह के कारावास तथा 1300-1300 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार ग्राम रजोला निवासी नीलेश मेहरा ने एक फरवरी 2018 को बेलखेड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह अपने खेत गया था। उसके खेत से लगे खेत में दशरथ मेहरा, राहुल और गंगोत्री बाई हंसिया से राहर काट रहे थे और गालीगलौज कर रहे थे। नीलेश ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने ईंट से हमला कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान हंसिया लगने से उसकी मां माया बाई और दादी श्याम बाई घायल हो गईं और उनके शरीर से खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद चालान अदालत में पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दशरथ प्रसाद मेहरा व गंगोत्री बाई को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई।

सिविक सेंटर भारत माता चौक पर सेवा ज्योति यात्रा की भव्य तैयारियां

जबलपुर। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' पहल के तहत आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं डॉ. अभिलाष पाण्डेय, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगमाध्यक्ष रिंकुंज विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ भारत माता चौक, सिविक सेंटर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंच, जनसमूह की बैठक, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। महापौर एवं अधिकारियों ने संबंधित विभागीय प्रमुखों को कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयोजन स्थल एवं आसपास विशेष स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों की सुविधा के लिए प्रवेश-निकास द्वार और पार्किंग को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण में एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेंद्र यादव, रजनी कैलास साहू, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुधांशु गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, नितिन भाटिया एवं रंजीत पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सेवा संकल्प का संदेश लेकर कल निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि यात्रा के लिए सुबह 9 बजे सिविक सेंटर स्थित वंदे मातरम चौक पर चारों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता एवं नागरिक एकत्रित होंगे। वंदे मातरम चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद सेवा का संकल्प लेकर यात्रा जबलपुर की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना होगी और विधानसभा स्तर पर सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने नागरिकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से यात्रा में शामिल होकर सेवा और संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

कलेक्टर ने लिया सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों का जायजा

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 अक्टूबर को जबलपुर जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों में सेवा ज्योति कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। यात्राओं का शुभारंभ बुधवार सुबह 8.30 बजे सिविक सेंटर स्थित वंदे मातरम चौक से होगा। इस अवसर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह मंगलवार को वंदे मातरम चौक पहुंचे। उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव उद्बोधन का प्रसारण भी किया जाएगा। उनके संबोधन के पश्चात सेवा ज्योति कलश यात्राओं को रवाना किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं सेवा ज्योति यात्रा के पार्टी प्रभारी डॉ. सुधांशु गुप्ता भी उपस्थित रहे।



जनसुनवाई में प्राप्त हुए 140 आवेदन

कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं
अधिकारियों को दिये त्वरित निराकरण के निर्देश

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं, उनसे आवेदन लिये और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में आज नागरिकों से कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 42 दोबारा आए आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में ऐसा मौका भी आया जब दिव्यांगजनों के आने की सूचना पाकर कलेक्टर श्री सिंह स्वयं उनके पास पहुंचे और उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना। श्री सिंह ने समय पर पेंशन का भुगतान न होने की दिव्यांगजनों की शिकायत पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में आए आवेदनों में नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, खसरे में त्रुटि सुधार तथा जन्म प्रमाण पत्र में सुधार से जुड़े आवेदन शामिल थे। इसके अतिरिक्त बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, आधार कार्ड में संशोधन, चिकित्सा सहायता, पेंशन, अवैध कब्जा हटाने, वेतन का भुगतान कराने सहित व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन भी शामिल थे।

पनागर और सिहोरा में जुए के फड़ों पर पुलिस की दबिश, 11 जुआरी गिरफ्तार

जबलपुर। जुआ-सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पनागर एवं सिहोरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 25 हजार रुपये नकद तथा ताश के पत्ते जब्त किए। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष जाखड़, जितेंद्र सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक राजेश्वरी कौरव एवं एसडीओपी सिहोरा मेहंती मरावी के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। पनागर पुलिस ने 5 अक्टूबर की देर रात जयप्रकाश वार्ड स्थित एक मकान में दबिश देकर अर्जुन कुशवाहा, नंदकुमार चौधरी, लोकेश खम्परिया, राकेश पटेल, अशोक कुशवाहा एवं आकाश कुशवाहा को पकड़ा। मौके से 16 हजार रुपये एवं 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। वहीं सिहोरा पुलिस ने ग्राम डूंडी में तालाब के पास कार्रवाई कर सिद्धांत चौरसिया, नसीम मोहम्मद, संतोष चक्रवर्ती, चंद्रभान पटेल एवं कपिल पटेल को गिरफ्तार किया। इनके पास से 9 हजार रुपये एवं ताश के पत्ते जब्त किए गए। दोनों मामलों में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों की कार्रवाई में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

लार्डगंज में आईफोन सहित अन्य सामान चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

जबलपुर। लार्डगंज थाना क्षेत्र में अलग-अलग चोरी की घटनाओं के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश एवं जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में आयुष मेहरा (22), निवासी सिद्धनगर मानेगांव रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे वह गढ़ा फाटक के आगे लोहिया पुल के पास दुर्गा प्रतिमा का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान प्रतिमा उठाने में शामिल हो गया। कुछ देर बाद उसका करीब 1 लाख 12 हजार रुपये कीमत का आईफोन गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उसने लार्डगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में प्रेमनगर मदनमहल निवासी नीलापु आनंदा राव (37) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रानीताल स्टील ब्रिज के निरीक्षण के दौरान केबल वायर कटा मिला। जांच करने पर जंक्शन बॉक्स, ड्राइवर, एमसीबी, लाइट, कोर केबल सहित अन्य सामान गायब मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

योजनाओं में तेजी लाएं, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का हो संतुष्टि पूर्ण निराकरण : निगमायुक्त



जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने विभागीय कार्यों, शासन की प्राथमिक योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में निगमायुक्त ने 50 एवं 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का विभागवार जायजा लिया। उन्होंने शिकायतों का केवल कागजी निराकरण नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता से संवाद कर संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने तथा एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों को पोर्टल की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। एनयूएलएम के तहत स्वरोजगार, सामाजिक एकजुटता एवं पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। पीएम आवास, संबल, समग्र ई-केवाईसी एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लक्ष्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



पेंशनर्स की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में कल विशाल धरना

जबलपुर। ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर 8 अक्टूबर को भोपाल के डॉ. अंबेडकर पार्क, पंचशील नगर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल धरना आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने पेंशनर्स के आंदोलन का समर्थन किया है। फेडरेशन के महामंत्री एवं मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश डी.पी. पाठक ने बताया कि पेंशनर्स हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रमुख मांगों में केंद्रीय तिथि से 2 प्रतिशत महंगाई राहत, पेंशनर की मृत्यु पर आश्रित को 1.25 लाख रुपये अनुग्रह राशि, 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वालों को वेतनवृद्धि का लाभ, विद्युत पेंशनर्स की पेंशन की राज्य सरकार द्वारा गारंटी तथा लंबित आदेशों का समय-सीमा में पालन शामिल हैं। राकेश पाठक, यू.के. पाठक, लक्ष्मण सिंह राजपूत, दिनेश दुबे, उमाशंकर मेहता, एन.के. यादव, आर.के. कौशिक, अनूप वर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांगों के शीघ्र निराकरण की अपील की है। धरने का नेतृत्व संरक्षक पवन शुक्ला, प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष महावीर सिंह सिकरवार करेंगे।

रेलवे शतरंज चैंपियनशिप में पमरे का शानदार प्रदर्शन



जबलपुर। रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित 38वीं अखिल भारतीय रेलवे शतरंज चैंपियनशिप-2026 में पश्चिम मध्य रेल की टीम ने दूसरे दौर में दक्षिण पश्चिम रेलवे को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। हालांकि तीसरे दौर में उत्तर रेलवे ने कड़े मुकाबले में पश्चिम मध्य रेल को 2-1 से पराजित किया। 5 अक्टूबर से चल रही इस चैंपियनशिप में भारतीय रेल की विभिन्न इकाइयों की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। दूसरे दौर में पश्चिम मध्य रेल ने दक्षिण पश्चिम रेलवे के खिलाफ बेहतरीन रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया। वहीं तीसरे दौर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें उत्तर रेलवे ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में देशभर से आए रेलकर्मी खिलाड़ी एकाग्रता, रणनीतिक कौशल और खेल भावना का परिचय दे रहे हैं। चैंपियनशिप के आगामी दौर में विभिन्न रेलवे टीमों के बीच मुकाबले जारी रहेंगे।



जबलपुर में अवैध शराब और नशीले पदार्थों पर रोक की मांग

जबलपुर। जिले में अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया गया है। आवेदन में शराब, स्मैक, इंजेक्शन, ड्रग्स तथा अन्य नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदक का कहना है कि नशे के कारण परिवारों में विवाद, अपराध, दुर्घटनाएं और आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। गली-मोहल्लों में कथित रूप से बिक रही अवैध एवं मिलावटी शराब की भी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन में मध्यप्रदेश में शराबबंदी की मांग करते हुए कहा गया कि इससे नशे के कारण प्रभावित परिवारों को राहत मिल सकती है। साथ ही नरेश बंशकार (35), निवासी शीतला माई वार्ड, थाना बेलबाग की कथित जहरीली शराब से मृत्यु का उल्लेख करते हुए मामले की जांच तथा मृतक के परिवार को शासन से उचित सहायता एवं मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। आवेदक ने पुलिस प्रशासन से अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई और नियमित निगरानी की मांग की है।

शिक्षा में एआई के अवसर और चुनौतियों पर विद्यार्थियों ने किया सार्थक विमर्श



सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में 'शिक्षा में एआई का प्रयोग' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव, उपयोगिता, संभावनाओं तथा चुनौतियों पर पक्ष-विपक्ष में विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुदेश मेहरोलिया ने की। निर्णायक मंडल में डॉ. अंजली मांडवे, डॉ. संदीप कुर्मी एवं डॉ. राहुल शर्मा शामिल रहे। आयोजन में सुश्री प्रिन्सी सिन्हा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पक्ष में विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा में एआई का रचनात्मक उपयोग समय की आवश्यकता है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि, आवश्यकता और सीखने की गति के अनुरूप अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने एआई को शिक्षक या विद्यार्थी के विकल्प के बजाय सहायक उपकरण के रूप में अपनाने पर जोर दिया।विपक्ष में प्रतिभागियों ने एआई के अत्यधिक उपयोग से स्वतंत्र चिंतन, तर्कशक्ति, सृजनात्मकता और स्वाध्याय प्रभावित होने की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल सूचना प्राप्त करना नहीं, बल्कि विवेक, संवेदना, मूल्यबोध और व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया भी है।

राकेश पाठक पुनः प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त



सिहोरा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन, मध्यप्रदेश के अनूपपुर में आयोजित राज्य सम्मेलन में जबलपुर के एडवोकेट राजकुमार दुबे निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके बाद उन्होंने सिहोरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी नेता राकेश पाठक को पुनः संगठन का प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया। पाठक की नियुक्ति पर संगठन के महामंत्री के.एस. ठाकुर, कोषाध्यक्ष एस.के. तिवारी, प्रहलाद नायक, शेख नादिर कुरैशी, प्रदीप राय, राम कुमार सेन, हरिशंकर गौतम, एम.एल. गौतम, राम निरंजन दुबे, चेतराम विश्वकर्मा, कृष्ण गोपाल पाठक, गणेश चतुर्वेदी, विनोद गुप्ता, दिनेश तिवारी, इंद्रजीत राय, राजू भैया पटवा, अरविंद तिवारी, के.एम. कश्तवार, रामस्वरूप परोहा, हेमराज झारिया, ब्रजेश खरे एवं हृदयेश पांडे सहित संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

फैली गंदगी को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



भेड़ाघाट। पंचवटी स्थित नौका बिहार मार्केट में सीढ़ियों पर फैली गंदगी को लेकर व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारियों ने नगर परिषद भेड़ाघाट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में नियमित सफाई कराने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि पर्यटकों की आवाजाही वाले इस क्षेत्र में सीढ़ियों पर गंदगी रहने से परेशानी हो रही है तथा स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ज्ञापन सौंपते हुए शेख शहजाद ने नगर परिषद के अधिकारियों से सीढ़ियों की शीघ्र सफाई कराने तथा नियमित रूप से प्रतिदिन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही नौका बिहार मार्केट में लगे टीन शेड के पिलरों की पुताई कराने का आग्रह किया गया, ताकि परिसर का सौंदर्य भी बेहतर हो सके। व्यापारियों ने नगर परिषद से मांग की कि पंचवटी एवं नौका बिहार मार्केट जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित निगरानी की जाए, जिससे स्थानीय व्यापारियों के साथ आने वाले पर्यटकों को भी स्वच्छ वातावरण मिल सके।



चेतन मैदान में स्वच्छता एवं कचरा पृथक्कीकरण का संदेश

जबलपुर। स्वच्छता ही सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा संभाग क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 67 स्थित चेतन मैदान, बिलहरी में स्वच्छता एवं कचरा पृथक्कीकरण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज एवं स्वच्छता चैंपियन सत्यजीत राय की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों ने सक्रिय सहभागिता की। अभियान के दौरान नागरिकों को गीला, सूखा, सेनेटरी एवं विशेष देखभाल योग्य कचरा अलग-अलग रखने तथा स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्कीकरण अपनाने के लिए जागरूक किया गया। चेतन मैदान परिसर एवं आसपास स्वच्छता गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को घर, गली और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्रवासियों ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर निगम ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने, स्रोत पर ही कचरा अलग करने तथा स्वच्छ एवं सुंदर जबलपुर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

टेंट व्यवसायियों ने पुलिस अधीक्षक से मांगे स्पष्ट दिशा-निर्देश



जबलपुर। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए जबलपुर के टेंट व्यवसायियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पंडाल निर्माण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। व्यवसायियों का कहना है कि वे दुर्गोत्सव समितियों को पाइप पंडाल, टेबल-कुर्सी, मंच, बर्तन सहित अन्य सामग्री किराये पर उपलब्ध कराते हैं, जबकि विद्युत, साउंड एवं सजावट का कार्य अलग-अलग व्यक्तियों अथवा एजेंसियों द्वारा किया जाता है। टेंट व्यवसायियों ने कहा कि सामग्री किराये पर देने के बाद विद्युत या अन्य व्यवस्थाओं में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका नहीं रहती। ऐसे में लापरवाही से दुर्घटना होने पर मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। गैर-जमानती धाराओं में कार्रवाई की चर्चा से व्यवसायियों में भय का माहौल है। व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन से उनकी जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि उचित निर्णय नहीं होने पर दशहरा चल समारोह के दौरान मंच एवं पंडाल निर्माण का कार्य करना उनके लिए कठिन होगा।

श्री शारदा नवयुवक मंडल में दुर्गा महोत्सव की तैयारियों पर बैठक



जबलपुर। शारदेय नवरात्र के अवसर पर श्री शारदा नवयुवक मंडल, गोरखपुर में 71वें श्री दुर्गा महोत्सव को भव्यता, श्रद्धा एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति पदाधिकारियों तजिन्दर सिंह, सुनील कुमार पटेल, उमेश पटेल, उमाशंकर सेन, बबलू सोनकर, संजय पटेल 'राजू', गुलाब गुप्ता एवं नीरज परमार ने मंडल के 71 वर्ष पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गा महोत्सव की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शासन के दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों का पालन किया जाएगा। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर भक्तिभाव एवं गरिमामय तरीके से पर्व मनाने पर विचार-विमर्श किया, ताकि संस्कारधानी जबलपुर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा कायम रहे। बैठक में अश्विनी पटेल, नंदकिशोर सेन, विवेक पटेल, सुनील विश्वकर्मा, ठा. पुष्पेंद्र सिंह, शिवा सेन, सार्थक पटेल, विशाल सेन, सुनील श्रीवास्तव, नवराज सिंह, निखिल अंबानी, सिद्धांत पटेल, विवेक गुप्ता, अमन लोधी, दिलीप सेन, आशु श्रीवास, किशन चौधरी, मनीष सैनी, आदित्य लोधी, अजय गुप्ता एवं सुरेश चौरसिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



थानों में डॉ. आंबेडकर के चित्र लगाने बसपा ने की मांग

जबलपुर। बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने जबलपुर के जिला कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी थानों में संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र लगाए जाने की मांग की है। बसपा नेताओं राकेश समुद्रै, शिव प्रकाश सिद्धू, अजीत सिंह आनंद, मांगे संजू चौधरी, सुरेंद्र झरिया, दिनेश विश्वकर्मा एवं जानकी प्रसाद ने कहा कि थानों में डॉ. आंबेडकर के चित्र लगाए जाने के संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।बसपा नेताओं ने कहा कि संविधान के प्रति सम्मान एवं नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थानों में डॉ. आंबेडकर का चित्र लगाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी नहीं किए जाते हैं, तो बसपा कार्यकर्ता स्वयं थानों में चित्र लगाने का प्रयास करेंगे। मांग रखने वालों में बसपा के पूर्व जिला महासचिव राकेश समुद्रै सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

महर्षि सुदर्शन वार्ड में कांग्रेस ब्लॉक पदाधिकारियों ने किया औचक सफाई निरीक्षण



जबलपुर। महर्षि सुदर्शन वार्ड में रांझी-खमरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशुतोष वत्स एवं शहर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष धीरेन्द्र संजू ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने औचक सफाई निरीक्षण किया। जेपी मेमोरियल स्कूल के पास नालियों में गंदगी एवं कचरा मिलने पर कार्यकर्ताओं ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय नागरिकों ने नियमित नाली सफाई एवं झाड़ू व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की। नागरिकों ने वार्ड की विभिन्न समस्याएं कांग्रेस पदाधिकारियों के समक्ष रखीं। पार्षद संतोषी ठाकुर के व्यवहार को लेकर भी कुछ नागरिकों ने शिकायतें एवं आरोप लगाए। कुछ नागरिकों ने समस्याओं के समाधान के लिए पैसों की मांग किए जाने का आरोप भी लगाया। ये आरोप नागरिकों द्वारा लगाए गए, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मौके पर नगर निगम के सीएसआई एवं वार्ड सुपरवाइजर को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया तथा नालियों की तत्काल सफाई और नियमित सफाई व्यवस्था की मांग की। नेताओं ने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है और सुधार नहीं होने पर कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएगी। इस दौरान सोनू गुप्ता, विजेंद्र तिवारी, नारायण गुप्ता, देवेंद्र लखेरा, जग्गू विश्वकर्मा, मोहन उइके, राजेंद्र बैरागी, के.के. मिश्रा एवं गोविंद चौधरी सहित कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

एचटीएलएस तकनीक से प्रदेश के पारेषण नेटवर्क को मिलेगी नई ताकत

जबलपुर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए प्रमुख शहरों के पारेषण नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के लिए एचटीएलएस (हाई टेम्परेचर लो सैग) कंडक्टर तकनीक अपनाई जा रही है। परियोजना के पहले चरण में इंदौर और भोपाल के बाद अब ग्वालियर के महत्वपूर्ण 132 केवी पारेषण नेटवर्क में भी क्षमता उन्नयन कार्य शुरू कर दिया गया है।ऊर्जा मंत्री ने बताया कि घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में नए ट्रांसमिशन कॉरिडोर विकसित करने तथा राइट ऑफ वे प्राप्त करने में कठिनाइयों के कारण मौजूदा कॉरिडोर का अधिक प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। एचटीएलएस कंडक्टर पारंपरिक एसीएसआर कंडक्टर की तुलना में अधिक करंट वहन कर सकते हैं और उच्च तापमान पर भी कम सैग रखते हैं। इससे मौजूदा लाइन कॉरिडोर से लगभग तीन गुना तक अधिक विद्युत पारेषण संभव होगा। इंदौर और भोपाल में विभिन्न सर्किटों पर क्षमता उन्नयन का कार्य जारी है। कंडक्टर बदलने के साथ संबंधित सबस्टेशनों के फीडर बे एवं अन्य उपकरणों की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। इससे पावर फ्लो प्रबंधन बेहतर होने और मौजूदा विद्युत अधोसंरचना का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

जेईएस ने 200 समाचार पत्र हॉकर्स की साइकिलों पर लगाए रेडियम टेप



जबलपुर। जैन इंजीनियर्स सोसाइटी (जेईएस) जबलपुर चैप्टर ने सड़क सुरक्षा और समाजसेवा की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए करीब 200 समाचार पत्र हॉकर्स की साइकिलों पर रेडियम टेप लगाए। मालवीय चौक पर सुबह 5 बजे आयोजित अभियान का उद्देश्य ठंड और घने कोहरे के दौरान साइकिल से अखबार वितरित करने वाले हॉकर्स को सड़क दुर्घटनाओं से बचाना रहा। रेडियम टेप साइकिल के पिछले हिस्से पर लगाए गए, जिससे अंधेरे और धुंध में पीछे से आने वाले वाहन चालकों को दूर से ही साइकिल दिखाई दे सकेगी और दुर्घटना की आशंका कम होगी। जेईएस अध्यक्ष इंजी. पवन जैन के साथ इंजी. सुनील जैन, इंजी. संजय जैन, इंजी. अक्षय जैन एवं दिनेश पटेल ने सुबह से अभियान में सहभागिता की। पवन जैन ने कहा कि हॉकर्स विपरीत मौसम में भी शहरवासियों तक समाचार पहुंचाते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की जिम्मेदारी है। इस पहल की राकेश सुहाने, अशोक साहू, गणेश दुबे, ब्रजेश पटेल, संतोष जैन एवं प्रदीप साहू सहित अन्य लोगों ने सराहना की। हॉकर्स ने भी जेईएस के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था ने भविष्य में भी सड़क सुरक्षा एवं जनसेवा के कार्य जारी रखने की बात कही।

श्रीमति स्मिता पोल- शक्तिनगर जबलपुर निवासी श्रीमति स्मिता पोल का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वर्गीय एनवी पोल की पत्नी और संजय व सुमित पोल व संगीता गुप्ता की माताजी एवं विजय गुप्ता की सास थीं। अंतिम यात्रा आज प्रातः 10.30 बजे निवास स्थान से ग्वारीघाट मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



श्री सुनील श्रीवास्तव- गोरा बाजार केंट निवासी श्री सुनील श्रीवास्तव (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बबीता दाहिया- लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री अशोक दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता दाहिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री अजय तिवारी- धनी कुटिया के पास अधारताल निवासी श्री अजय तिवारी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रमोद अग्रवाल- कचनार सिटी विजय नगर निवासी श्री प्रमोद अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रानी बाई दत्त- गली नं. 4, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री फूलचंद दत्त की धर्मपत्नी श्रीमती रानी बाई दत्त (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री श्याम लाल रजक- चांदमारी तलैया लालामाटी निवासी श्री श्याम लाल रजक (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सिया दुलारी बेन- नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री अच्छे लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती सिया दुलारी बेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती जमुना बाई विश्वकर्मा- गुप्ता कॉलोनी गढ़ाफाटक निवासी



श्रीमती जमुना बाई विश्वकर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती सुमित्रा नायडू- मन्नेवार सोसायटी पोलीपाथर निवासी श्री ओम प्रकाश नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा नायडू (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती किशना बाई चौधरी- मरही माता मंदिर के पास लालमाटी निवासी श्री थम्मन लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती किशना बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री ललित दुबे- पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री राजेंद्र दुबे के पुत्र श्री ललित दुबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गिरधारी लाल नामदेव- दमोहनाका गोपाल सदन के सामने निवासी श्री गिरधारी लाल नामदेव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती आरती दत्ता- गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री कन्हाई लाल दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती आरती दत्ता (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अदित्य करोसिया- रीवा चुरहटा थाना के पीछे निवासी श्री धीरज करोसिया के पुत्र श्री आदित्य करोसिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री शैलेंद्र कुमार रावत- गुप्तेश्वर निवासी श्री धरनीधर रावत के पुत्र श्री शैलेंद्र कुमार रावत (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिवराम पासी- रामनगर रामपुर निवासी श्री शिवराम पासी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती सुधा सोंधिया- साईं कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री छकोड़ी लाल सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा सोंधिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्बोधन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कलाकार से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

प्रदेश में हवाई सुविधाओं का विस्तार, अब होंगे हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, 75 किमी पर एयर स्ट्रिप और हर 45 किमी पर हेलीपैड

मप्र में होंगे 10 एयरपोर्ट, सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्थाई हेलीपैड

- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस, हेली पर्यटन सेवा और नई उड़ानों से मिल रही हैं नागरिकों को सुविधाएं
- मप्र से निरंतर बढ़ रही हैं अंतरराष्ट्रीय उड़ानें
- प्रदेश को मिलेगा एक शासकीय विमान, चार्टर्ड विमान पर निर्भरता होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में विमानन सेवाओं और अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नागरिकों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ ही आपातकालीन सेवाओं, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने के लिए एयरपोर्ट, एयरस्ट्रिप और हेलीपैड



के नेटवर्क का नागरिक विमानन नीति-2025 के अंतर्गत विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में एयरपोर्ट बढ़कर 8 हो गए हैं और शीघ्र ही इनकी संख्या 10 हो जाएगी। इसी तरह से प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। पहले दुबई और अब अबूधाबी के साथ इंदौर का हवाई संपर्क स्थापित हुआ है। सिंहस्थ-2028 के लिए भी दताना-मताना एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। नए एयरपोर्ट के विकास, सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड का निर्माण और पीएमश्री एयर एम्बुलेंस एवं पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा से प्रदेश में हवाई सुविधाएं अधिक सुगम और व्यापक हो रही हैं।

प्रदेश में सुदृढ़ हो रहा विमानन नेटवर्क

मप्र में वर्तमान में 8 एयरपोर्ट, 20 से अधिक एयरस्ट्रिप और 220 हेलीपैड हैं। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 5 प्रमुख एयरपोर्ट इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो संचालित थे। वर्ष 2024-25 में रीवा, दतिया और सतना को जोड़कर एयरपोर्ट की संख्या 8 हो गई है। उज्जैन और शिवपुरी में एयरपोर्ट के विकास का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में हवाई सुविधाओं को और व्यापक बनाने के लिए हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, हर 75 किलोमीटर पर एयरस्ट्रिप और हर 45 किलोमीटर पर हेलीपैड विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड विकसित करने की योजना है।

पांच नए एयरपोर्ट की स्वीकृति प्रक्रियाधीन, सिंगरौली को प्राथमिकता

प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट के विकास की स्वीकृति केंद्र सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है। इनमें सिंगरौली को प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही उड़ान योजना अंतर्गत प्रदेश की 10 एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इनमें सिंगरौली, सागर, नीमच, छिंदवाड़ा, मंडला, खंडवा, रतलाम, मंदसौर, उमरिया और शहडोल शामिल हैं।

राज्य सरकार को मिल रहा नया विमान-व्यय रह जाएगा एक तिहाई

प्रदेश में विमानन और वायु सेवाओं का विकास हो रहा है तथा राज्य शासन को नया शासकीय विमान मिल रहा है। देश में कई राज्यों जैसे- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ इत्यादि में स्वयं के विमान एवं हेलीकॉप्टर हैं। भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य होने के कारण मप्र में त्वरित पहुंच एवं आकस्मिक परिस्थितियों में विमान एवं हेलीकॉप्टर की तुलनात्मक रूप से अधिक आवश्यकता रहती है। कोविड-19 के दौरान प्रदेश सरकार का विमान कोविड की अत्यन्त महत्वपूर्ण दवा रेमडेसिविर को प्रदेश के विभिन्न स्थानों में ले जाते हुए ग्वालियर में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से लगातार चार्टर्ड (किराए) के विमान का उपयोग किया जा रहा है। शासकीय विमान आने से राज्य सरकार का व्यय प्रतिमाह एक तिहाई ही रह जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडवा जिले के समुचित विकास के लिए लगाई घोषणाओं की झड़ी

खालवा में बनाए जाएंगे 6 सांदीपनि विद्यालय हरसूद में 490 सीटर नया कन्या छात्रावास बनेगा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को खंडवा जिले के हरसूद में थे। यहां उन्होंने जिले के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी। इस अवसर पर उन्होंने 3.54 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 21.34 करोड़ रूपए बोनस राशि अंतरित की और 56 समितियों को 4.58 करोड़ की काष्ट लाभांश राशि प्रदान की। डॉ यादव ने खण्डवा जिले को 143 करोड़ लागत के 18 विकास कार्यों की सौगात दी। रानी दुर्गावती की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में इतिहास में पहली बार गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के शासकों के वंशजों का सम्मान किया गया। डॉ यादव ने इन राजवंशजों को साफा पहनाकर तथा खड्ग एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

तेंदूपत्ता संग्राहकों और समितियों को बांटी बोनस, लाभांश की राशि



सीएम ने खंडवा के हरसूद से रानी दुर्गावती जन्मोत्सव में रिमोट से विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

- खंडवा को दी 143 करोड़ लागत के 18 विकास कार्यों की सौगात
- गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के शासकों के वंशजों का हुआ सम्मान

सीएम ने कीं क्षेत्रीय विकास एवं सुविधा उन्नयन से जुड़ी ये प्रमुख घोषणाएं

सीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्रीय विकास एवं सुविधा उन्नयन से जुड़ी विभिन्न घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 5 साल में सिंचाई का रकबा 100 लाख हेक्टेयर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। इसी उद्देश्य से हरसूद विधानसभा क्षेत्र में करवानी उद्वहन सिंचाई परियोजना पर तेजी से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के जनजातीय क्षेत्रों में 25 करोड़ की लागत से बिजली आपूर्ति से जुड़े सभी विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। खालवा तहसील क्षेत्र में 6 सांदीपनि विद्यालय बनाए जाएंगे। क्षेत्र के सभी छात्रावासों में 34 करोड़ की लागत से रोटी मेकर मशीनें लगाई जाएंगी।

रानी दुर्गावती के बताए मार्ग पर चल रही सरकार

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती के दिखाए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार प्रदेश के जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण और विकास का एक नया अध्याय लिख रही है। वीरांगना रानी दुर्गावती ने प्रजा के सुख को ही अपना धर्म माना था। उनका शासनकाल कृषि, जल प्रबंधन और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए जाना जाता है।

तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत को सम्मान

तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत को सम्मान देते हुए सरकार ने प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक 750 से बढ़ाकर 4 हजार रुपए किया है तथा शुद्ध लाभ का 75 प्रतिशत बोनस के रूप में दिया जा रहा है। आज कुल 6 जिलों के 3 लाख 54 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि दी गई है।

52 गढ़ों के इन राजवंशजों का किया सम्मान

कार्यक्रम में महेंद्र प्रताप सिंह जूदेव, महेंद्र शाह, डॉ हेमराज सिंह, अमरजीत सिंह, रंजना सिंह, दमयंती सिंह, यशवंत सिंह जूदेव, विमलेश ठाकुर, राजा वीरेंद्र शाह, डॉ योगेश्वर सिंह, गरिमा सिंह, अर्चना सिंह कसदे, अभिजीत शाह तथा अन्य गढ़ों से आए राजवंशजों का भी सम्मान हुआ।

18 वर्ष पूरा कर चुके युवा मतदाता सूची में अपना नाम कराएं दर्ज

लोकतंत्र की मजबूती में हर जागरुक मतदाता की भागीदारी बेहद जरूरी : डॉ यादव

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि मतदाता सूची भी अद्यतन और विश्वसनीय हो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर इसी दिशा में एक अहम प्रक्रिया है, जिसमें मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर किसी भी तरह के भ्रम या अफवाह पर ध्यान न दें। फॉर्म 6 और डिक्लेरेशन सहित पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित है। सही जानकारी के लिए सिर्फ निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी और निर्धारित प्रक्रिया पर ही विश्वास करें।

सेवा संकल्प अभियान

आज प्रदेश स्तरीय चित्रसेवा एवं भाषण कला प्रतियोगिता का समापन

पीएम के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरंतर सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश में चित्रसेवा एवं भाषणकला प्रतियोगिताओं का व्यापक आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सीएम सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का मप्र में हुआ समापन, गांव-गांव की सेवा

17 हजार किमी की यात्रा, 53 जिलों में 700 से अधिक सेवा कार्यक्रम हुए



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित 'वडनगर से वाराणसी एवं वाराणसी से वडनगर जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' का मध्यप्रदेश में सोमवार को समापन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरंतर जनसेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से भजापा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह यात्रा 18 सितंबर से 5 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंची। यात्रा ने गांव-गांव तक पहुंचकर युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा कार्यों से जोड़ा।

राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का व्यापक जनअभियान बनी यात्राः कोठारी

प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि पूरे मप्र में सेवा, समर्पण, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने वाला व्यापक जनअभियान बनी। यात्रा के कारण पूरे प्रदेश में सेवा का उत्साहपूर्ण वातावरण बना और अनेक स्थानों पर नागरिकों ने स्वेच्छा से सेवा गतिविधियों में सहभागिता कर इसे जनभागीदारी का स्वरूप दिया। यात्रा के दौरान हजारों युवा सेवा यात्रियों, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता अभियान, नदी एवं तालाबों की सफाई, गौसेवा, स्वास्थ्य शिविर, सफाई मित्रों का सम्मान, दिव्यांगजनों का सम्मान एवं उपकरण वितरण, विद्यार्थियों से संवाद, लाभार्थी संवाद, पोषण किट वितरण, जरूरतमंदों को खाद्यान्न सामग्री, नशामुक्ति एवं जनजागरूकता सहित अनेक सेवा गतिविधियों में सहभागिता की।

यात्रा का समापन, लेकिन सेवा का संकल्प समाप्त नहीं

राहुल कोठारी ने कहा कि जब समाज, कार्यकर्ता और युवा शक्ति मिलकर सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं, तो सेवा का कार्य जनअभियान का रूप ले लेता है। 'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' ने मध्यप्रदेश में इसी भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में यात्रा का समापन सेवा के संकल्प का अंत नहीं, बल्कि इसे निरंतर समाज के बीच आगे बढ़ाने की शुरुआत है।

धूप होने से लगातार बढ़ रही गर्मी, उमस से लोग परेशान

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के आठ जिलों में बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई का दौर जारी है। ऐसे में प्रदेश में शुष्क मौसम बना हुआ है। तेज धूप होने से लगातार गर्मी बढ़ रही है। उसम भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। रायपुर से मानसून की विदाई हो चुकी है। अगले कुछ दिनों में पूरे छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई हो जायेगी।

- 30-40 प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की बनी हुई हैं संभावनाएं

मौसम विभाग ने प्रदेश के आठ जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

जिन आठ जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें रायगढ़, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरया, बलरामपुर शामिल हैं। यहां पर बादल के गरजने, आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। वहीं 30-40 प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चल सकती हैं। रायपुर में बारिश थमने के बाद पारा बढ़ा हुआ है। दिन के साथ ही रात में भी राहत नहीं मिल रही है। गर्मी जैसे हालात से लोग बेहाल हैं।

मंगलवार को मौसम विभाग ने आकाश साफ रहने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।

मानसून की वापसी जैसी संभावनाएं



मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। दो दिन के बाद हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी की रेखा सुपौल, रांची, रायपुर, ब्रह्मपुरी, परभणी, बारामती, हरनाई से होकर गुजर रही है। पश्चिम बंगाल से मध्य महाराष्ट्र तक–झारखंड, ओडिशा के अंदरूनी इलाकों, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा से होते हुए एक द्रोणिका बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तर-मध्य बिहार से उत्तरी ओडिशा तक झारखंड और गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल से होते हुए एक द्रोणिका बना हुआ है।

बीते 24 घंटों से शुष्क बना है मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क बना हुआ है। किसी भी स्थान पर वर्षा दर्ज नहीं की गई है। राजधानी में 34.4 डिग्री सेल्सियस तो राजनांदगांव में सबसे अधिक 35 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतर जिलों में तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। प्रदेश में तापमान की बात करें तो पेंड्रारोड में 33. 8 डिग्री, बिलासपुर में 33.6 डिग्री, दुर्ग में 33. 5 डिग्री, जगदलपुर में 33.3 डिग्री और अंबिकापुर में 32 डिग्री सेल्सियस रहा। छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा होते हुए एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके प्रभाव से कुछ एक क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है।

प्रेरणादायी है रानी दुर्गावती का जीवनः रंजना चितले

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के एसटी, एससी सेल द्वारा रानी दुर्गावती जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनजातीय विशेषज्ञ रंजना चितले ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन महिला सशक्तिकरण की अनुपम मिसाल हैं। उन्होंने कभी भी अपनी अस्मिता, अस्तित्व से समझौता नहीं किया। संयोजक डॉ गजेंद्र सिंह अवास्या ने मुख्य अतिथि रंजना चितले को पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। रंजना चितले ने रानी दुर्गावती के जीवन और उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती गोंडवाना की वीर और साहसी शासिका थीं, जिन्होंने अपने जीवन में स्वतंत्रता, स्वराज और नारी सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। पति की मृत्यु के बाद रानी दुर्गावती ने राज्य की बागडोर संभाली और कुशलता से शासन किया।

कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया के जटगा मोड़ की घटना

तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कुछ ही घंटों में यह दूसरी बड़ी एक्सीडेंट की घटना सामने आई है। ताजा हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया के जटगा मोड़ में हुआ है।

जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने ओवरटेक के चक्कर में बाइक सवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ने हेलमेट पहना हुआ था, उसके बावजूद ट्रेलर का पहिया हेलमेट के ऊपर से चढ़ गया और हेलमेट चकनाचूर हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने से बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर मृतक की पहचान करने की कार्रवाई में जुटी हुई है।

वाहन जब्त कर ड्राइवर की तलाश जारी

घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जब्त कर लिया है, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि इसके कुछ घंटे पहले ही सोमवार रात में बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में भी तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो अलग-अलग दोपहिया वाहनों को चपेट में ले लिया था, जिसमें दो लोगो की मौत हो गई थी और दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। उस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर दिया था, जो देर रात समझाइश के बाद समाप्त हुआ था। लगातार हो रहे एक्सीडेंट और हादसों में मौत को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है।

नगरीय निकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नगर पालिका परिषद वारासिवनी भी राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में मप्र को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएम के 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को मप्र की धरा पर साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। मप्र को 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी पुरस्कार-2026' से पुरस्कृत किया गया है। विश्व आवास दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।

लाखों वंचित एवं जरूरतमंद शहरी परिवारों के अपने पक्के घर का स्वप्न साकार हुआ

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास भोंडवे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी से प्रदेश के लाखों वंचितपरिवारों के अपने पक्के घर का स्वप्न साकार हुआ है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में योजना का पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। मिशन संचालक गेमावत ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मप्र में योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत अब तक 10 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं।

बालोद के आमापारा इलाके की घटना, घटना के बाद इलाके में हड़कंप

पीड़िता का जिला अस्पताल के बर्न यूनिट में इलाज जारी

ई-लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही छात्रा पर युवक ने किया एसिड अटैक, पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कानून-व्यवस्था को सीधी चुनौती देते हुए दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। आमापारा इलाके में ई-लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही 22 वर्षीय छात्रा पर एक अज्ञात युवक ने पीछे से एसिड फेंक दिया। हमले में छात्रा का चेहरा और दोनों हाथ गंभीर रूप से झुलस गए हैं। लहूलुहान और झुलसी हालत में छात्रा को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बर्न यूनिट में डॉक्टरों की टीम ने उसका प्राथमिक इलाज किया फिर उसे रायपुर भेज दिया गया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पीड़िता हवलदार (वाहन चालक) की पुत्री है। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी।



फिलहाल, पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि युवती रोजाना की तरह ई-लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के बाद पैदल अपने घर लौट रही थी। आमापारा के समीप सुनसान मोड़ पर पीछे से तेजी से आए हमलावर युवक ने अचानक उस पर तेजाब उड़ेल दिया। हमले के बाद छात्रा ने अदम्य साहस दिखाते हुए मौके से दौड़कर अपनी जान बचाई।

आरोपी पर एकतरफा प्रेम करने का संदेह

सायबर सेल और पुलिस की अलग-अलग टीमें मामले की जांच पड़ताल कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बालोद का आरोपी युवक युवती से एकतरफा प्रेम करता था। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की करण कुंजाम युवक से दोस्ती है। सोमवार की सुबह करण अपनी महिला मित्र के साथ बीजापुर से बालोद पहुंचा और दोनों ने यहां प्रेम विवाह किया। इस दौरान करण के दोस्त ने उसे युवती से अपने एकतरफा प्रेम के बारे में बताया। उसने दोस्ती का हवाला देकर उससे मदद मांगी। इसके बाद करण ने युवती पर एसिड फेंकने की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद वह अपनी महिला मित्र के साथ बालोद से भाग निकला।

पुलिसकर्मी की बेटी है पीड़ित छात्रा

हवलदार की बेटी पर दिनदहाड़े हुए इस जानलेवा हमले की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक समेत जिले के आला अधिकारी तत्काल मामले को सुलझाने ग्राउंड पर उतरे। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विभाग ने चिकित्सकों से पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पुलिस ने पीड़िता का प्रारंभिक बयान दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद से आम नागरिकों, विशेषकर छात्राओं और कामकाजी महिलाओं में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। वारदात के तुरंत बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आमापारा और शहर के सभी प्रवेश-निकास द्वारों पर नाकेबंदी कर दी है। घटनास्थल के आसपास दुकानों और घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिससे हमलावर के आने और भागने के रूट का पता चल सके।

रामपुर छापर में वृहद पौधारोपण की तैयारी, निगमायुक्त ने स्थल का निरीक्षण

जबलपुर। शहर में हरितिमा बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रामपुर छापर स्थित गौशाला परिसर के बाहरी क्षेत्र में वृहद पौधारोपण की तैयारी की जा रही है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने प्रस्तावित पौधारोपण स्थल का सघन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को स्थल को व्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि पौधारोपण कार्य पूर्ण नियोजन के साथ कराया जाए तथा पौधों के रोपण के साथ उनके संरक्षण और नियमित देखभाल की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उचित रखरखाव से यह क्षेत्र आने वाले समय में सुंदर एवं हरे-भरे स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, उपायुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन एवं उद्यान अधिकारी मनीष तड़से सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



नगर निगम जनसुनवाई में 26 आवेदन प्राप्त

जबलपुर। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं से संबंधित कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। निगमायुक्त श्री रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदन संबंधित विभागीय प्रमुखों को भेजे गए। प्राप्त आवेदनों में अतिक्रमण विभाग के 6, भवन शाखा के 5, जल विभाग के 3, लोककर्म विभाग के 2 तथा स्वास्थ्य, संपदा, कॉलोनी सेल, पेंशन, राजस्व, हाँका गैंग, एसडीएम (रांझी), संभाग क्रमांक 5, 8 एवं 15 से संबंधित एक-एक आवेदन शामिल हैं। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक नागरिक की शिकायत का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।



गढ़ा रामलीला का 60वां मंचन महोत्सव

आज मुकुट पूजन के साथ होगी भव्य शुरुआत

जबलपुर। श्रीरामलीला समिति गढ़ा द्वारा अपनी 59 वर्षों की गौरवमयी और भव्य यात्रा पूर्ण करने के उपरांत 60वें मंचन महोत्सव का शुभारंभ दिनांक 07 अक्टूबर को रात्रि 8:30 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम का आगाज संस्कारधानी के सर्वमान्य संत जगद्गुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी के पावन पूजन-अर्चन एवं आशीर्वाद के साथ होगा।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिद्ध श्री मां दरबार गढ़ा के देवज्ञ पंडित अरुण शर्मा एवं ए.व्ही. सिंह कंस्ट्रक्शन के मा. अजेत प्रताप सिंह रहेगें। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान के मुकुट का विधिवत पूजन संपन्न होगा। इसके पश्चात समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए समाजसेवी संतोष शुक्ला 'गुड्डू भैया' एवं नरेश पटेल का अभिनंदन किया जाएगा।

समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री अरुण दीक्षित, शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय, रमाशंकर कटारे, राजेश नेमा, अशोक बघेल, डॉ. भूपेन्द्र उपाध्याय, हनुमत सिंह रघुवंशी, गनपत कोष्टा, राजेश परोहा, पंकज अवस्थी, भोलाराम खत्री, इंदुलता प्यासी, डॉ. नीना उपाध्याय, पूजा कोष्टा एवं नीरज दुबे, दिनेश मिश्रा ने संस्कारधानी के समस्त धर्मप्रेमी जनता व रामभक्तों से मुकुट पूजन के इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



10 लाख से ज्यादा की अवैध देशी विदेशी मदिरा जप्त

दशहरे के समय स्टॉक करने की पुलिस ने जताई आशंका

जबलपुर। थाना संजीवनी नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्यवाही करते हुए नागपुर कटनी नेशनल हाइवे पर एक बोलेरो गाड़ी से 20 लाख से ज्यादा कीमत की 145 पेटी देशी और अंग्रेजी अवैध शराब जप्त करि है इधर अंधेरे का फायदा उठा कर शराब माफिया अवैध शराब से भरी गाड़ी को छोड़ कर फरार होने में कामयाब हो गए इधर पुलिस ने आशंका जताई है कि दशहरे के समय जब शराब दुकानें बंद रहती है तो मनमाने दाम पर शराब की बिक्री की जाती है उसी समय के लिए यब स्टॉक करने ले जाई जा रही होगी इसके साथ ही पुलिस यह पता करने में जुट गई है को इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहा से लाई जा रही थी और कहां पर ले जाई जा रही थी । अवैध शराब की बड़ी खेप जप्त करने के दौरान एडिशनल एसपी पल्लवी शुक्ला,सीएसपी गोरखपुर महादेव नागौतिया सहित धन्वंतरि नगर पुलिस चौकी और थाना गोरखपुर का स्टाफ मौजूद रहा।

बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल में हिंदी माह के दौरान विविध कार्यक्रम

जबलपुर। बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय जबलपुर द्वारा सितंबर माह को हिंदी माह के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान जबलपुर अंचल एवं अधीनस्थ शाखाओं के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न हिंदीपरक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बैंकिंग शब्दावली प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियां प्रमुख रहीं। कार्यक्रम में आंचलिक प्रबंधक श्री रमेश कुमार एवं उप-आंचलिक प्रबंधक श्री संतोष सहाय की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा बैंकिंग कार्यों में हिंदी शब्दावली के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय राजभाषा अधिकारी सुश्री शिल्पा गजभिये द्वारा किया गया। हिंदी माह की गतिविधियों का उद्देश्य बैंकिंग कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा कर्मचारियों के बीच हिंदी के प्रति सकारात्मक एवं रचनात्मक वातावरण विकसित करना रहा।





कलचुरी फैमिली क्लब ने गीत संगीत के साथ मनाया उत्सव

जबलपुर। कलचुरी फैमिली क्लब के सदस्यों ने धार्मिक गीतों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आगामी नवरात्रि एवं दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में त्योहारों के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर छोटी प्रस्तुतियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सदस्यों ने त्योहारों को सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पर्वों के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व पर भावपूर्ण चर्चा हुई। कार्यक्रम का संयोजन कौशलेन्द्र महाजन ने किया, जबकि संचालन राजीव चौकसे ने किया। कार्यक्रम में रवींद्र-शशि चौकसे, राजेंद्र-सीमा राय, श्रीचंद-कल्पना चौकसे, देवेंद्र-आशा चौकसे, कौशलेन्द्र-कल्पना महाजन, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोरमा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, केएस-रेखा राय, राजकुमार-अर्चना जायसवाल, संतोष-ज्योति जायसवाल, राजेश-अर्चना जायसवाल, आनंद-नीता महाजन, नीरज-कविता चौकसे, आशीष-नेहा चौकसे, हर्ष जायसवाल, रनबीर एवं राजबीर चौकसे सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

रांझी मुख्य मार्ग का हो रहा री-स्टोरेशन

महापौर और विधायक रोहाणी ने किया निरीक्षण

जबलपुर। रांझी क्षेत्र के नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रांझी मुख्य मार्ग के री-स्टोरेशन का कार्य कराया जा रहा है। कार्य का निरीक्षण महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', केंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर एवं अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए इसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि रांझी मुख्य मार्ग क्षेत्र की लाइफलाइन है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर, स्कूली बच्चे, व्यापारी एवं वाहन चालक आवागमन करते हैं। री-स्टोरेशन कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। महापौर श्री अन्नू एवं विधायक श्री रोहाणी ने अधिकारियों को कार्य में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्माण के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा होने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, हेमराज सराठे सहित नगर निगम के प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।





सेवा संकल्प अभियान : चारों विधानसभाओं में गूंजी सेवा की ज्योति

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत चारों विधानसभाओं में नेत्र ज्योति परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। पश्चिम, पूर्व, उत्तर और कैंट विधानसभा में नागरिकों का नेत्र परीक्षण कर चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए। कैंट विधानसभा के सदर रामलीला मैदान में आयोजित शिविर में सांसद आशीष दुबे, जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि सेवा मेरा योगदान समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। सांसद आशीष दुबे ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य, रक्तदान एवं अन्य जनसेवा गतिविधियां जारी रहेंगी। इसी क्रम में 7 अक्टूबर को सुबह 9:45 बजे वंदे मातरम चौक, सिविक सेंटर से सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी।

जूडो में भोपाल का दबदबा, बालिका वर्ग में जबलपुर ने दी कड़ी टक्कर

जबलपुर। 70वीं राज्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जूडो और गतका के मुकाबले जारी हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में नौ संभागों के करीब 700 खिलाड़ी व ऑफिशियल्स हिस्सा ले रहे हैं। जूडो 14 वर्ष बालक वर्ग में 25, 30 और 40 किग्रा वर्ग में भोपाल के सत्यम कुमार, कृष सिंह और सुमित ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 35 किग्रा में उज्जैन के चेतन प्रथम रहे। बालिका वर्ग में 23 किग्रा में जबलपुर की आकांक्षा, 27 किग्रा में भोपाल की साक्षी गुप्ता, 32 किग्रा में भोपाल की दुर्गा ठाकुर तथा 36 किग्रा में जबलपुर की कीर्ति चौधरी विजेता रहीं। गतका 17 वर्ष बालिका एकल सोटी टीम वर्ग में इंदौर, फरी सोटी टीम में उज्जैन तथा फरी सोटी एकल में जबलपुर की गुरनीश कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूडो प्रतियोगिताएं एमएलबी स्कूल परिसर तथा गतका मुकाबले दशमेश हाल, मदनमहल में हो रहे हैं। खिलाड़ियों के लिए 15 विद्यालयों में आवास तथा आवागमन हेतु 28 बसों की व्यवस्था की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे सहित खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षक व्यवस्थाओं में जुटे हैं।



जन्मतिथि सुधार

मैं, नसीम फातिमा उम्र 48 वर्ष पिता स्व. अब्दुल सलीम कुरैशी, निवासी-लालबहादुर शास्त्री वार्ड, वार्ड नं. 35, अधारताल, जबलपुर म.प्र. आधार कार्ड क्रमांक 498072031732 की स्थाई निवासी हूँ। मेरे स्व. पिता अब्दुल सलीम कुरैशी को कि एम ई एस जी ई ईस्ट विभाग में कार्यरत थे जिनका स्वर्गवास दिनांक 07 अप्रैल 2024 को हो गया है मेरे स्व.पिता के एम ई एस जी ई ईस्ट विभाग कार्यालय के दस्तावेजों में मेरी जन्मतिथि 08/08/1978 दर्ज है जो गलत व असत्य है। मेरी सही व सत्य जन्मतिथि 05/07/1978 है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे स्व. पिता अब्दुल सलीम कुरैशी के उक्त विभाग एम ई एस जी ई ईस्ट विभाग के दस्तावेजों में मेरी सही व सत्य जन्मतिथि 05/07/1978 दर्ज कर पढ़ी व लिखी जावे शपथ पत्र दिनांक-23/06/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी रामदास शर्मा जबलपुर मप्र।
सही जन्मतिथि-05/07/1978
गलत जन्मतिथि-08/08/1978

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/एम/160/2026-27
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अंजना बघेल पति श्री सुनील सिंह बघेल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड रानी लक्ष्मी बाई के प्लाट क्रमांक 8 एवं 9 का भाग समपत्ति के पिन क्रमांक 1000381603 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 826 व.फु. खाली भूखण्ड विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति वीणा शर्मा पति श्री राकेश कुमार शर्मा का नाम हटाये जाने आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

सेवा संकल्प अभियान : चारों विधानसभाओं में गूंजी सेवा की ज्योति

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत चारों विधानसभाओं में नेत्र ज्योति परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। पश्चिम, पूर्व, उत्तर और कैंट विधानसभा में नागरिकों का नेत्र परीक्षण कर चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए। कैंट विधानसभा के सदर रामलीला मैदान में आयोजित शिविर में सांसद आशीष दुबे, जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि सेवा मेरा योगदान समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। सांसद आशीष दुबे ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य, रक्तदान एवं अन्य जनसेवा गतिविधियां जारी रहेंगी। इसी क्रम में 7 अक्टूबर को सुबह 9:45 बजे वंदे मातरम चौक, सिविक सेंटर से सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी।



"सेवा में सबका साथ, श्रेय की नहीं कोई बात" : डॉ. मोहन भागवत

लांजी (बालाघाट)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक स्वर्गीय बालासाहेब देवरस एवं ज्येष्ठ प्रचारक स्वर्गीय भाऊराव देवरस के पैतृक ग्राम कारंजा में स्मृति भवन एवं माधव नेत्रालय का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने किया।इस अवसर पर मानकर ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल शिरोडकर, मध्य क्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना, विदर्भ प्रांत संघचालक दीपक तामशेट्टीवार तथा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजबंधु एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहे।लोकार्पण अवसर पर डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि जहाँ प्रत्यक्ष रूप से सेवा और समाजहित का कार्य हो रहा हो, वहाँ भाषण से अधिक कार्य का महत्व होता है। भाषण समय के साथ भुला दिए जाते हैं, लेकिन समाज के लिए किया गया कार्य चिरंतन रहता है।उन्होंने कहा कि पूजनीय बालासाहेब देवरस एवं स्वर्गीय भाऊराव जी का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने का सबसे सार्थक माध्यम उनके विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाना है। स्मृति भवन एवं महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी नई पीढ़ी को उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।सरसंघचालक जी ने कहा कि किसी महापुरुष के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल उनके जीवन-चरित्र को पढ़ने या उनका स्मरण करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके जीवन से मिलने वाले संदेश को अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब समाज के सामने संकट आया, तब पुस्तक प्रकाशन के लिए एकत्रित धन को पीड़ितों की सहायता में लगाया गया। इससे यह संदेश मिलता है कि मानव सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।सेवा कार्यों में सामूहिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित करते हुए सरसंघचालक जी ने कहा, "सेवा में सबका साथ, श्रेय की नहीं कोई बात; प्रकल्प में सबका हाथ होना चाहिए।" समाजसेवा किसी एक व्यक्ति के श्रेय का विषय नहीं, बल्कि सभी के सहयोग और सहभागिता से आगे बढ़ने वाला कार्य है।



माइक्रोबायोलॉजी में अंशुली सिंह को पीएचडी की उपाधि

दमोह। एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह के दीक्षांत समारोह में जबलपुर निवासी अंशुली सिंह डिब्लेयर (तिवारी) को माइक्रोबायोलॉजी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें यह उपाधि विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान की गई। अंशुली सिंह डिब्लेयर, परमानंद तिवारी एवं मंजू तिवारी की पुत्री तथा शैलेंद्र सिंह की पत्नी हैं। उन्होंने अपने शोध कार्य के माध्यम से माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर उनके परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./स.क्रं 11/एम/159/2026-27 दिनांक 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार जायसवाल पिता श्री बेनी प्रसाद जायसवाल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के प्लाट क्रमांक 142 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004406865 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 685 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 590 वर्गफुट, प्रथम तल 590 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सूर्य प्रकाश बाल्मिक पिता स्व. श्री ओम प्रकाश बाल्मिक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./स.क्रं 11/एम/163/2026-27 दिनांक 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्रीमति कुसुम उपाध्याय पति श्री शिवेन्द्र उपाध्याय (2)श्री प्रकाश उपाध्याय पिता श्री शिवेन्द्र उपाध्याय ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बेनर्जी के भवन क्रमांक 1126/1 सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000400010 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 730 वर्गफुट, प्रथम तल 490 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1)श्री विपिन कुमार कोरा पिता श्री प्यारे लाल कोरा (2)श्रीमति हरशरण कोरा पति श्री विपिन कुमार कोरा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./स.क्रं 11/एम/162/2026-27 दिनांक 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री मोहन कुमार पिता श्री राजाराम दास (2)श्रीमति सुनयना देवी पति श्री मोहन कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के प्लाट क्रमांक 114 बी.के. एम्पायर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004440621 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 800 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 750 वर्गफुट, प्रथम तल 750 वर्गफुट, द्वितीय तल 200 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1)श्री अश्विनी कुमार सेठी (2)श्री अनिल कुमार सेठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/195
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिलीप कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री एम.एल. गुप्ता ने मकान नं. 324 पु. 325 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 153 व.फु., प्रथमतल 75 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/194
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मौसमी भट्टाचार्य पति श्री बिरेश भट्टाचार्य ने मकान नं. 1196/A-101 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथमतल 1838 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/एम/161/2026-27
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति भारती अग्रवाल पति श्री सतीश चंद अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के भवन कमांक फ्लेट नं. बी-5 बी टॉवर समपत्ति के पिन क्रमांक 9000010277 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल पांचवी तल 2280 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति विनीता श्रीवानी पिता श्री रविन्द्र कुमार श्रीवानी का नाम हटाये जाने आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/एम/164/2026-27
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नीता अग्रवाल पति श्री प्रकाश उपाध्याय ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक 1127 समपत्ति के पिन क्रमांक 1000397345 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 900व.फु. कच्चा वर्तमान भूखण्ड 915 विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री रजिन्दर सिंह रतन पिता स्व. श्री गुरूबक्श रतन सिंह का नाम हटाये जाने आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/एम/165/2026-27
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कुसुम उपाध्याय पति शिवेन्द्र उपाध्याय 2. श्रीमति नीता उपाध्याय पति प्रकाश उपाध्याय ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन कमांक 1133/1134 पंचपेढ़ी समपति के पिन क्रमांक 1000400140 पर निर्मित भूतल 350 व.फु. सीमेंट टीन 1040 व.फु. आरसीसी पक्का वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र रिलीज डीड, बंटवारानामा, के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमति डी.व्ही. नायर पिता/पति सेव एम.के. नायर का नाम हटाये जाने आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर